वाराणसी,20- 21 नवंबर 2023 । उदय प्रताप कॉलेज के 114वें संस्थापन समारोह के अन्तर्गत दो-दिवसीय वार्षिक खेल प्रतियोगिताओं का आज समापन हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि इंटरनेशनल कोच और शारीरिक शिक्षा विभाग, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी के प्रोफेसर अभिमन्यु सिंह रहे । कार्यक्रम की अध्यक्षता कृषि अर्थशास्त्र विभाग, यू. पी. कालेज के प्रोफेसर एस. के. सिंह ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए प्रोफेसर अभिमन्यु सिंह ने कहा कि किसी भी संस्था की पहचान वहां के विद्यार्थियों से होती है। उदय प्रताप कॉलेज के छात्रों ने खेल के क्षेत्र में अपने महाविद्यालय का नाम देश और दुनिया में सदैव रोशन किया है। उन्होंने यह भी कहा कि आज जीवन के हर क्षेत्र की तरह खेलों के क्षेत्र में भी चुनौतियां बहुत बढ़ गई हैं। इस संस्था के छात्र अगर एक टास्क बनाकर खेलों के क्षेत्र में काम करें तो बहुत कुछ कर सकते हैं। वैसे भी यह वर्ष देश की खेल संस्कृति के लिए बहुत ही प्रेरणादायक रहा है। एशियन गेम्स में सबसे अधिक 107 पदक भारतीय खिलाड़ियों ने जीते हैं।
अपने वक्तव्य में प्रोफेसर एस. के. सिंह ने सभी सहयोगियों और व्यवस्थापकों की इतने बेहतरीन खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन के लिए प्रसंशा किया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर धर्मेंद्र कुमार सिंह ने छात्र - छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि हमारे छात्र-छात्राएं इस संस्था को और भी गौरवमयी ऊंचाई प्रदान करेंगे।इस समापन समारोह में उदय प्रताप इंटर कालेज के प्रधानाचार्य डॉ. रमेश प्रताप सिंह, रानी मुरार कुमारी बालिका विद्यालय की प्रधानाचार्या डा. मंजुला श्रीवास्तव, आर. एस. एम. टी. के निदेशक डॉ. अमन गुप्ता, उदय प्रताप पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्या संगीता कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहीं।
दिनांक 21.11.23 को संपन्न हुई प्रतियोगिताओं में व्यक्तिगत चैंपियन मिनी वर्ग बालिका में आस्था गुप्ता, जूनियर वर्ग में सोनाली तिवारी, सीनियर वर्ग में आराध्या प्रजापति और डिग्री में आकांक्षा मिश्रा चैंपियन रहीं। पुरुष वर्ग की चैंपियनशिप में डिग्री से दयानिधि सिंह, सीनियर वर्ग में विकास कुमार यादव चैंपियन रहे। उदय प्रताप इंटर कालेज के सत्यम मौर्या जूनियर वर्ग में तथा ईशान मिश्रा मिनी वर्ग में चैंपियन रहे। इन खेल प्रतियोगिताओं के संयोजक क्रीडा सचिव प्रोफेसर सुबोध सिंह थे और खेल प्रतियोगिताओं का संचालन प्रोफेसर मनीष कुमार सिंह, प्रोफेसर सुधीर राय एवं प्रोफेसर अलका रानी गुप्ता ने किया। साथ ही साई के एथलेटिक कोच श्री जितेन्द्र कुमार और खेलो इंडिया के श्री राम ललित पटेल ने निर्णायक के रूप में विशेष सहयोग किया।
114वें संस्थापन समारोह के अन्तर्गत 20.11.2023 को दो-दिवसीय वार्षिक खेल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ किया गया:
उदय प्रताप कॉलेज के 114वें संस्थापन समारोह के अन्तर्गत दिनांक 20.11.23 को दो-दिवसीय वार्षिक खेल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ किया गया। इन खेल प्रतियोगिताओं का उद्घाटन उदय प्रताप कॉलेज में संचालित साई के पूर्व मुख्य एथलेटिक्स कोच श्री दिनेश जायसवाल ने किया। मुख्य अतिथि श्री दिनेश जायसवाल के साथ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर धर्मेंद्र कुमार सिंह ने मशाल प्रज्वलित कर आयोजन का शुभारंभ किया। तत्पश्चात सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों को शपथ दिलाई गई।इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए श्री दिनेश जायसवाल ने कहा कि खेल हमें अनुशासन क्षमता तथा विपरीत परिस्थितियों में लड़ने की शक्ति देता है। इसलिए खेल हमारे सर्वांगीण विकास के लिए अत्यन्त महत्वपूर्ण है। श्री जायसवाल ने यह भी कहा कि इस राजर्षि की तपोभूमि से अनेक राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी निकले हैं।
इस उद्घाटन समारोह में उपस्थित प्राध्यापकों का आभार उदय प्रताप इंटर कालेज के प्रधानाचार्य डॉ. रमेश प्रताप सिंह ने व्यक्त किया।
आज संपन्न हुई खेल प्रतियोगिताओं के अन्तर्गत डिग्री कॉलेज के बालक वर्ग की 100मीटर एवं 200मीटर दौड़ प्रतियोगिता में विनीत कुमार यादव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, 400मीटर एवं 1500मीटर दौड़ प्रतियोगिता में आदर्श विश्वकर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी तरह लांग जंप में आगम सिंह ने, शाट पुट एवं डिसकस थ्रो में वीर प्रताप सिंह ने तथा जेवलिन में दयानिधि सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।
डिग्री कॉलेज बालिका वर्ग की प्रतियोगिताओं में 100मीटर , 200मीटर दौड़ एवं लांग जंप में आकांक्षा मिश्रा ने, 400मीटर एवं 800मीटर दौड़ में कोमल यादव ने, 1500मीटर दौड़ में यशी सिंह ने, शाट पुट एवं डिसकस थ्रो में सृष्टि सिंह ने तथा जेवलिन थ्रो में महिमा सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।
रानी मुरार कुमारी बालिका इंटर कालेज की खेल प्रतियोगिताओं के अन्तर्गत 100मीटर(मिनी), 200मीटर(मिनी) और 400मीटर(मिनी)दौड़ में आस्था गुप्ता ने, 1500मीटर(मिनी)दौड़ में सलोनी त्रिपाठी ने, 400मीटर(जूनियर) दौड़ में पायल पटेल ने तथा 200मीटर(जूनियर) दौड़ में आराध्या प्रजापति ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी तरह 100मीटर एवं 400मीटर सीनियर दौड़ में आराध्या प्रजापति ने तथा 1500मीटर सीनियर वर्ग की दौड़ में प्रियांजलि चौबे ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।
उदय प्रताप पब्लिक स्कूल के बालक वर्ग की 1500मीटर दौड़ प्रतियोगिता सीनियर वर्ग में मोहित यादव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इन खेल प्रतियोगिताओं के संचालन में प्रोफेसर मनीष कुमार सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

GPS Map Camera
Faridpur Usraiya, Uttar Pradesh, India
VX82+4F3, Faridpur Usraiya, Uttar Pradesh 212622, India
Lat 25.864781°
Long 80.950241°
21/11/23 11:08 AM GMT +05:30
Google